दिनांकः 06.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने जैसलमेर के पोकरण में कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की।
- भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा आज प्रदेश में सत्ता और संगठन की करेंगे समीक्षा–सदस्यता अभियान और आगामी उपचुनाव की रणनीति पर भी होगी चर्चा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–गरीब कल्याण योजनाएं, आर्थिक विकास और जीएसटी सुधार जैसे कदमों से देश ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए।
- महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से।

..................................

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने चौथी पीढी की कम दूरी वाली हवाई रक्षा प्रणाली की तीन परीक्षण उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। यह परीक्षण जैसलमेर के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इन परीक्षणों में काफी ऊंचाई और गति के साथ लक्ष्य को भेदा गया। एक वक्तव्य में रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इन परीक्षणों में अस्त्र प्रणाली की मारक क्षमता की बार–बार पुष्टि हुई है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नई मिसाइल से, हवाई ख़तरों से निपटने में सशस्त्र बलों को और मज़बूती मिलेगी।

..................................

वायुसेना आज चेन्नई में मरीना बीच पर एक बड़ा एयर–शो करेगी। यह आयोजन 92वें वार्षिक वायुसेना दिवस समारोह के शुभारंभ के तौर पर किया जा रहा है। इस शो में लड़ाकू विमान तेजस, मिराज, सुखोई 30 एमकेआई, जगुआर, पोसीडॉन विमान और नवीनतम प्रचंड हेलीकॉप्टर सहित जेट 72 विमान शामिल होंगे। इस वर्ष इस शो को लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराने का लक्ष्य है।

..................................

एक राष्ट्र–एक चुनाव के लिए गठित समिति के अध्यक्ष और पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने कहा है कि देशभर में एक साथ चुनाव कराने से देश को बहुत लाभ होगा। इस विषय पर कल नई दिल्ली में 30वें लाल बहादुर शास्त्री स्मृति व्याख्यान में उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव से बेहतर प्रशासन, नीतिगत स्थिरता, सामाजिक एकजुटता और आर्थिक विकास के साथ वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनने जैसे कई दीर्घकालिक फायदे होंगे। श्री कोविन्द ने कहा कि यह सिफारिश अधिक समावेशी और समृद्ध भविष्य के लिए बुनियादी सुधार साबित होगी।

..................................

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश में सत्ता और संगठन की समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में सदस्यता अभियान और आगामी उपचुनाव की रणनीति पर भी चर्चा होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा और पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सहित कई पदाधिकारी बैठक में शामिल होंगे। सांसद, विधायक, पूर्व सांसद, जिला प्रमुख, उपमहापौर और अन्य जनप्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

..................................

पर्यावरण संरक्षण को लेकर जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने नई पहल की है। इसके तहत उन्होंने उपखंड अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, तहसीलदारों और अधिशासी अधिकारियों को अपने क्षेत्र में एक पार्क गोद लेने के निर्देश दिये हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि सभी अधिकारियों द्वारा गोद लिये गए पार्क चिन्हित कर लिये गये हैं।

..................................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि गरीब कल्याण की योजनाएं, आर्थिक विकास और जीएसटी सुधार जैसे कदमों से देश ने सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। श्री शर्मा ने कल जयपुर में जीएसटी और आयकर पर आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सेमीनार को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आर्थिक और सामाजिक प्रगति में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स वित्तीय प्रबंधन के विशेषज्ञ होते हैं और आज की तेजी से बदलती दुनिया में उनका योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार ने कर प्रणाली को सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सरल आयकर रिटर्न फाइलिंग प्रक्रिया, फेसलेस असेसमेंट जैसी पहलों ने करदाताओं के लिए कर भरना आसान बनाया है। श्री शर्मा ने कहा कि हमें जीएसटी के माध्यम से छोटे व्यवसायियों और उद्योगों को सशक्त बनाना है, ताकि वे न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ा सकें, बल्कि देश के विकास में भी योगदान दे सकें।

...............................

मुख्यमंत्री आवास पर आज पहली बार जैन धर्म के सामूहिक क्षमावाणी कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। जैन मुनियों के सानिध्य में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा तथा बड़ी संख्या में जैन समाज के प्रबुद्धजन शामिल होंगे।

...............................

शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आज मां दुर्गा के कूष्मांडा स्वरूप की पूजा अर्चन की जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर मां दुर्गा को नमन करते हुए अपने संदेश में कहा कि माता की कृपा से सभी का जीवन आयुष्मान हो। नवरात्र के दौरान प्रदेशभर में मंदिरों और घरों में विशेष अनुष्ठान हो रहे हैं। जगह–जगह गरबा रास और डांडिया के कार्यक्रम रखे गए हैं, जिनमें लोग उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं।

...............................

देश–विदेश में मेंहदी के प्रति लोगों के बढ़ते रुझान को देखते हुए पाली के सोजत की मेंहदी की मांग में बढ़ोतरी हुई है। इससे यहां के किसानों को फायदा पहुंच रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि किसान मेंहदी की खेती के आधुनिक तरीके अपनाकर इसकी बढ़ोतरी का प्रयास कर रहे हैं।

............

...............................

आज विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस है। यह दिवस सेरेब्रल पाल्सी के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इससे पीड़ित लोगों के प्रति सम्मान करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। सेरेब्रल पाल्सी मस्तिष्क में नुकसान से पैदा होने वाली समस्या है। यह क्षति जन्म से पहले, प्रसव के दौरान या जन्म के बाद लगभग तीन वर्ष तक हो सकती है। इस अवसर पर आज देशभर में कई जागरुकता कार्यक्रम हो रहे हैं।

...............................

महिला टी–20 क्रिकेट विश्व कप में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच दुबई में दोपहर साढे तीन बजे से शुरू होगा। शुक्रवार को, भारतीय टीम न्यूजीलैंड से अपना पहला मैच हार गई थी। इस बीच, पाकिस्तान ने अपने पहले मैच में श्रीलंका को हरा दिया।

...............................

जैसलमेर में सीमा सुरक्षा बल की ओर से इंटर सेक्टर फ्रंटियर लेवल प्लाटून वेपन निशानेबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राजस्थान फ्रंटियर के तहत आने वाले सीमा सुरक्षा बल के चारों सेक्टर श्रीगंगानगर, बीकानेर, सेक्टर साउथ और सेक्टर नार्थ के निशानेबाजों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

...............................